## शहीद स्मारक राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय तिगांव फरीदाबाद

## 7 दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर रिपोर्ट

**Day 1: 11 Feb 2025**




आज, 11 फरवरी 2025 को शहीद स्मारक राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय तिगांव फरीदाबाद की एनएसएस इकाई I और II ने तिगांव में 7 दिवसीय एनएसएस शिविर की शुरुआत की। शिविर का उद्‌घाटन आदरणीय प्राचार्या डॉ रुचिरा खुल्लर ने किया। शिविर का आयोजन एस सी चौपाल भीम बस्ती, तिगांव में किया जा रहा है।स्वयंसेवकों ने सुबह योग सत्र के साथ अपना दिन शुरू किया। उसके बाद एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा आस-पास के क्षेत्र में सफाई की गई। उद्‌घाटन देवी सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके शुरू हुआ। स्वयंसेवकों ने एनएसएस गीत, एनएसएस उद्देश्य, कविताएं और भजन गाकर सक्रिय रूप से भाग लिया। शिविर का विषय "युवा मेरे भारत और डिजिटल साक्षरता" है। डीएवी शताब्दी कॉलेज, फरीदाबाद की सहायक प्रोफेसर डॉ मीनाक्षी द्वारा इसी विषय पर

एक व्याख्यान सत्र भी आयोजित किया गया था। स्वयंसेवकों ने शिविर के पहले दिन टीम निर्माण क्षमता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न खेल गतिविधियों में भी भाग लिया। शिविर का उद्घाटन श्रीमती पारुल और श्री योगेश कुमार की देखरेख में हुआ।








Day 2: 12 Feb 2025




शहीद स्मारक राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय तिगांव की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम एवं द्वितीय द्वारा चल रहे सात दिवसीय शिविर के दूसरे दिन स्वयंसेवकों ने सुबह योग सत्र के साथ अपना दिन शुरू किया। एडवोकेट एवं लीगल एडवाइजर श्रीमती उमा चौहान ने एनएसएस वोलेंटियर को महिला एवं बाल अधिकारों के बारे में जानकारी दी । और एनएसएस के राष्ट्रपति अवॉर्ड से सम्मानित और महर्षि दयानंद विश्विद्यालय के तीन बार के बेस्ट वोलेंटियर अवॉर्डी श्री रजनीश ने शिविर में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को राष्ट्रपति अवॉर्ड लेने और एक अच्छा वोलेंटियर बनने के गुरु सिखाए इसके बाद शिविर में वेस्ट आउट ऑफ बेस्ट, पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई| स्वयंसेवकों की टीम में से एक ने भोजन प्रस्तुति कार्य के रूप में एक विशेष व्यंजन भी तैयार कियाऔर समूह भावना को मजबूत करने वाले खेलों का आयोजन किया गया। स्वयंसेवकों को सात टीमों में विभाजित

किया गया है। प्रत्येक टीम को सजावट, अनुशासन, भोजन प्रस्तुति, भोजन तैयार करना, प्रबंधन, मंच संचालन, उपस्थिति संग्रह, रिपोर्ट लेखनजैसे निर्दिष्ट कर्तव्य सौंपे गए हैं।स्वयंसेवकों को दिन के दौरान की गई विभिन्न गतिविधियों को उजागर करने के लिए प्रतिदिन अपनी स्वयंसेवी डायरी लिखनी होती है।शिविर का संचालन एनएसएस अधिकारियों श्री योगेश कुमार और श्रीमती पारुल द्वारा किया जा रहा है।



**Day 3: 13 Feb 2025**



शहीद स्मारक राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय तिगांव की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम एवं द्वितीय द्वारा चल रहे सात दिवसीय शिविर के तीसरेदिन स्वयंसेवकों ने सुबह योग सत्र के साथ अपना दिन शुरू किया। सुबह के सत्र के लिए हमारे प्रतिष्ठित वक्ता लाइटहाउस फाउंडेशन, नई दिल्ली से श्री कपिल आनंद थे। उन्होंने साइबर सुरक्षा पर व्याख्यान दिया। व्याख्यान वर्तमान परिदृश्य के दौरान होने वाले सभी प्रौद्योगिकी संबंधी अपराधों और इन समस्याओं से निपटने के तरीके के बारे में था। इसके बाद एक कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें माही और तनीषा प्रथम, प्रीति तीसरे और सुमित तीसरे स्थान पर रहे। शाम के सत्र में एक गायन प्रतियोगिता भी आयोजित की गई जिसमें ध्रुव, मोहिनी और प्रीति क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। और फिर अंत में स्वयंसेवकों द्वारा स्वयं को पुनः ऊर्जावान बनाने के लिए एक खेल खेला गया।शिविर का संचालन एनएसएस अधिकारियों श्री योगेश कुमार और श्रीमती पारुल द्वारा किया जा रहा है।







23/33

**Day 4: 14 Feb 2025**



शहीद स्मारक राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय तिगांव की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम एवं द्वितीय द्वारा चल रहे सात दिवसीय शिविर के चौथेदिन स्वयंसेवकों ने सुबह योग सत्र के साथ अपना दिन शुरू किया।आज सुबह के सत्र के लिए हमारी सम्माननीय वक्ता गवर्नमेंट कॉलेज तिगांव से डॉ. अनुजा यादव थीं। उन्होंने पर्यावरणीय मुद्दे और जलवायु परिवर्तनपर व्याख्यान दिया। सत्र के दौरान स्वयंसेवक बहुत संवादात्मक थे। उसके बाद डॉ. दिनेश डीएवी कॉलेज फरीदाबाद द्वारा प्लेसमेंट सेल के सौजन्य से स्वयंसेवकों के लिए करियर काउंसलिंग का एक और सत्र आयोजित किया गया। व्याख्यान को लेकर विद्यार्थी काफी उत्साहित थे। सायंकालीन सत्र में नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नृत्य प्रतियोगिता में एकल नृत्य में यूनिट 2 से मोहिनी, माही और संजना क्रमश: पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे और यूनिट 1 से विकास और भानु क्रमश: पहले और दूसरे स्थान पर रहे।और अंत में स्वयंसेवकों ने अपने शिविर के क्षेत्र की सफाई की और परिसर की दीवारों को साफ करके पेंट किया गया। शिविर का संचालन एनएसएस अधिकारियों श्री योगेश कुमार और श्रीमती पारुल द्वारा किया जा रहा है।





**Day 5: 15 Feb 2025**



शहीद स्मारक राजकीय महाविद्यालय तिगांव की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम एवं द्वितीय द्वारा चल रहे सात दिव्य शिविर के पांचवें दिन के स्वयंसेवकों ने सुबह योग सत्र के साथ अपना दिन शुरू किया। सुबह के सत्र में विद्यार्थियों को वाणिज्य विभाग राजकीय महाविद्यालय तिगांव की डॉ. प्रियंका द्वारा "आपदा प्रबंधन" विषय पर व्याख्यान दिया गया। छात्रों को विभिन्न आपदाओं और आपदाओं और उनके संभावित उपचारों से अवगत कराया गया। उसके बाद आर्ट ऑफ लिविंग सोसाइटी के श्री जॉन द्वारा "नशा विरोधी अभियान" के संबंध में एक व्याख्यान दिया गया और एकाग्रता के लिए स्वयंसेवकों द्वारा ध्यान का अभ्यास किया गया। पूर्व एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी श्री बलराम द्वारा भी स्वयंसेवकों को प्रोत्साहित किया गया। ग्रामीणों को अपने आसपास स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए तिगांव गांव में एक जागरूकता रैली भी आयोजित की गई। अंतिम सत्र में स्वयंसेवकों ने परिसर की दीवारों पर पेंटिंग की और सफाई की। शिविर का संचालन एनएसएस अधिकारियों श्री योगेश कुमार और श्रीमती पारुल द्वारा किया जा रहा है।

20/33


7 DAYS CAMP
NATIONAL SERVICE SCHEME
SHAHEED SAMARAK GOVT.
PG COLLEGE TIGAON
ANTI-DRUG CAMPAIGN
NCORD





**Day 6: 16 Feb 2025**




शहीद स्मारक कॉलेज तिगांव की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम एवं द्वितीय द्वारा चल रहे सात दिव्य शिविर के छठे दिन के स्वयंसेवकों ने सुबह योग सत्र के साथ अपना दिन शुरू किया। सुबह के सत्र में योग के बाद सड़क सुरक्षा, दुर्गा शक्ति हरियाणा पुलिस एवं नशा निरोधक इकाई के सहयोग से आयोजित एक व्याख्यान में विभिन्न प्रवक्ताओं द्वारा स्वयंसेवकों को व्याख्यान दिया गया। स्वयंसेवकों को विभिन्न नियमों के बारे में जागरूक किया गया जिनका वाहन चलाते समय या सड़क पार करते समय पालन करना आवश्यक है। उसके बाद स्वयंसेवकों को सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में जागरूक करने के लिए एस सी चौपाल तिगांव से सरकारी कॉलेज और मुख्य बाजार तक सड़क सुरक्षा के लिए एक जागरूकता रैली भी आयोजित की गई।उसके बाद स्वयंसेवकों के रचनात्मक पक्ष को उजागर करने के लिए एक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में मोहिनी, तनीषा और कपिल क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।शिविर का संचालन एनएसएस अधिकारियों श्री योगेश कुमार और श्रीमती पारुल द्वारा किया जा रहा है।







Day 7: 17 Feb 2025



आज दिनांक 17 फरवरी 2025 को शहीद स्मारक राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की दोनों इकाइयों के 7 दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर का समापन समारोह सम्पन्न हुआ। शिविर 11 फरवरी से 17 फरवरी 2025 तक एस सी चौपाल भीम बस्ती, ग्राम तिगांव में आयोजित किया गया था।समारोह के मुख्य अतिथि श्री महेश बजाज, चेयरपर्सन, साइंस ऑफ हैप्पीनेस क्लब रहे। और विशिष्ट अतिथि श्री विमल प्रकाश गौतम सहायक प्रोफेसर सरकारी कॉलेज फ़रीदाबाद रहे। समारोह का संचालन प्रिंसिपल डॉ रुचिरा खुल्लर के मार्गदर्शन में किया गया। सबसे पहले मुख्य अतिथि गैलरी का दौरा करते हैं, जिसे हमारे एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा पेंटिंग, नारे, पोस्टर, रंगोली और अपशिष्ट पदार्थों से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए तैयार किया गया था। समारोह की शुरुआत हमारे मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि और प्रिंसिपल मैडम द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके की गई। उसके बाद मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि का प्रिंसिपल मैडम द्वारा पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया।

Pani

Yogesh



# सात दिवसीय NSS शिविर का समापन

**NBT न्यूज, बल्लभगढ़** : तिगाव स्थित शहीद स्मारक गवर्नमेंट पीजी कॉलेज मे आयोजित सात दिवसीय एनएसएस शिविर का सोमवार को समापन हो गया। इस कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि साइंस ऑफ़ हैप्पीनेस फाउंडेशन के चेयरमैन महेश बजाज व विशिष्ठ अतिथि डॉ. विमल प्रकाश रहे। कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. रुचिका खुल्लर ने सभी अतिथियो को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इन सात दिनो मे स्टूडेंट्स के लिए विभिन्न विषयो पर व्याख्यान आयोजित किए गए। जिनमे डिजिटल लिटरेसी पर डीएवी कॉलेज से डॉ.मीनाक्षी, महिला एव बाल अधिका विषय पर एडवोकेट उमा चौहान, साइबर क्राइम पर कपिल आनद, एंटी ड्रग कम्पेन विषय पर जॉनी गोयल व पर्यावरन एव जलवायु परिवर्त विषय पर डॉ. अनुजा यादव ने अपने व्याख्यान दिए।

इसके बाद स्वयंसेवकों ने एनएसएस गीत गाकर कार्यक्रम की शुरुआत की. तत्पश्चात स्वयंसेवकों ने मंच पर नृत्य, गायन, कविता, योग और नुक्कड़ नाटक जैसी विभिन्न



15/33

गतिविधियों में प्रदर्शन किया। तनीषा ने गीता ज्ञान पर एक कविता गाई, मोहिनी ने ब्रज गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया, ध्रुव ने गिटार का उपयोग करके एक गीत गाया, रिया और तान्या द्वारा एक हरियाणवी नृत्य भी प्रस्तुत किया गया। अंत में हमारी योग टीम द्वारा योग के विभिन्न पहलुओं और नशा विरोधी अभियान पर एक नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन करके दो अद्भुत प्रस्तुतियाँ दी गईं। शिविर पूरे की रिपोर्ट एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती पारुल के द्वारा पढ़ी गई। उसके बाद हमारे मुख्य अतिथि श्री महेश बजाज ने एनएसएस स्वयंसेवकों को अपने एनएसएस नामांकन दिनों के दौरान अपने अनुभवों के बारे में बताया और साथ ही विभिन्न कहानियों के माध्यम से छात्रों को जीवन और खुशी के दर्शन के बारे में प्रेरित किया। हमारे सम्मानित अतिथि श्री विमल प्रकाश ने भी छात्रों को निस्वार्थ सेवा का मार्ग चुनने के लिए प्रेरित किया। हमारी आदरणीय प्रिंसिपल डॉ रुचिरा खुल्लर ने भी एनएसएस के इस 7 दिवसीय शिविर को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए पूरे एनएसएस यूनाइट 1 और 2 को बधाई दी। लड़कों और लड़कियों के लिए सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक क्रमशः गुलशन और तनीषा थे। मोहिनी और मुस्कान और मोहित ने अपनी-अपनी इकाइयों के लिए मूक कार्यकर्ता पुरस्कार जीता। दुर्गा और अनिल ने अपनी-अपनी इकाइयों के लिए सर्वश्रेष्ठ कैंपर का पुरस्कार जीता। प्रथम वर्ष बैच से कार्तिक दुबे और रिया को चमकता सितारा पुरस्कार दिया गया। सर्वश्रेष्ठ भोजन प्रस्तुति का पुरस्कार टीम कावेरी को दिया गया। शिविर के दौरान सभी विजेताओं को उनकी उपलब्धियों के लिए प्रमाण पत्र दिए गए। इस मौके पर डॉ. संध्या सूद, डॉ. लोकेश शर्मा के साथ ही कॉलेज का पूरा स्टाफ मौजूद रहा। शिविर का संचालन एनएसएस अधिकारियों श्री योगेश कुमार और श्रीमती पारुल द्वारा किया गया।

Parul
(NSS Unit II PO)

Yogesh
(NSS Unit I PO)

**Principal**
**S.S. Govt. PG College**
**Tigaon**